हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स की...



07 दुर्घटना संभावित स्थल पर बिना संकेतक...





## खबर संक्षेप

### डीसीए सीहोर ने भोपाल वेटर्न को आठ विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर शनिवार से कृष्णा ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में शहर की चार टीमों को शामिल किया गया है। वहीं शुक्रवार को एक मैत्री मैच का आयोजन डीसीए सीहोर ने भोपाल वेटर्न को आठ विकेट से हराया। इस मैच में डीसीए की ओर से हितेश केसरिया ने 61 गेंद पर 76 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, मनोज दीक्षित मामा आदि ने डीसीए के कप्तान वीरु वर्मा सहित टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल वेटर्न टीम ने 127 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर डीसीए की टीम ने दो विकेट खोकर 18.2 ओवर में विजय लक्ष्य हासिल किया। इस मैच में डीसीए की ओर से हितेश केसरिया ने 61 गेंद पर 76 रन, संजय ने 13 गेंद पर 15 रन, रविन्द्र यादव ने 11 रन, कमलेश पारोचे ने सात रन और आदि ने नौ रन की पारी खेली। मैच के अंत में डीसीए सीहोर के कप्तान वीरु वर्मा सहित पूरी टीम को जीत की बधाई दी।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार से शहर के बीएसआई मैदान पर कृष्णा ट्राफी का आयोजन किया जाएगा।

### शहर की गलियों में श्वानों की दहशत, रात में घर से निकलना खतरे से नहीं खाली

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी बेअसर, डॉग गैंग का आतंक, भय और दहशत में जी रहे लोग


बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का कड़ा आदेश दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की सड़कों और गलियों में स्ट्रीट डॉग अब खौफ का दूसरा नाम बन चुके हैं। हालात यह हैं कि रात होते ही शहर के मोहल्ले युद्ध के मैदान जैसे लगते हैं, जहां हर मोड़ पर कुत्तों के झुंड पहरा देते नजर आते हैं। स्टेशन रोड, गंज क्षेत्र, पुराना इंदौर रोड, मछली बाजार और अस्पताल इलाके में बाइक, पैदल और साइकिल सवारों को चार-पांच कुत्ते एक साथ घेर लेते हैं और मौके देखकर झपट पड़ते हैं।

बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात सबसे ज्यादा भयावह हैं। कई परिवार शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलने में डरते हैं। यह खौफ शहर के आम जीवन को धीरे–धीरे निगल रहा है। न केवल सड़कों पर, बल्कि सरकारी अस्पताल, स्कूल और कॉलेज परिसरों में भी आवारा कुत्तों का कब्जा है। मरीजों और अभिभावकों को रोजाना डर के साए में अस्पतालों में रहना पड़ता है। कई बार तो वार्डों के बाहर तक कुत्ते आ जाते हैं। बुधनी और इछावर में तो हाल ही में अस्पताल के भीतर और स्कूलों के पास बच्चों पर कुत्तों के हमले के मामले सामने आए, जिनसे लोगों में गुस्सा और भय दोनों है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया कड़ा आदेश :** देशभर में बढ़ती घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को तत्काल हटाया जाए। इन परिसरों की चारदीवारी कर कुत्तों की एंट्री रोकनी होगी और पकड़े गए कुत्तों को वहीं दोबारा छोड़ा नहीं जा सकेगा। कोर्ट ने सड़कों और हाइवे से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए भी विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।




### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सड़कों पर क्यों कायम है आतंक?

बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का कड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पकड़े गए कुत्तों को दोबारा परिसर के पास नहीं छोड़ा जाएगा और प्रवेश रोकने के लिए चारदीवारी सुनिश्चित की जाए। लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल उलट है। सीहोर सहित जिले में स्ट्रीट डॉग का आतंक और भी बढ़ता दिख रहा है।

**कब-कहां बरपा कुत्तों का आतंक**

10 अप्रैल 2025: आष्टा में पांचवी कक्षा के छात्र हस्सान पर चार कुत्तों ने हमला किया।

20 जून 2025: बुधनी में छह वर्षीय देवराज पर झपटे स्ट्रीट डॉग।

6 नवंबर 2025: इछावर बाजार में आमीन खां के छह साल के बेटे को कुत्ते ने पैर में काटा।

7 नवंबर 2025: इछावर शासकीय अस्पताल के गार्ड कैलाश सिंह पर डॉग का हमला, अस्पताल परिसर में ही घायल।

### हर महीने 350 से ज्यादा शिकार, रेबीज वैक्सीन की मांग बढ़ी

सीहोर जिले में हर महीने औसतन 300 से 350 कुत्ते के काटने के केस दर्ज होते हैं। अकेले जिला अस्पताल में 150 तक मरीज रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंचते हैं। बाकी मरीज निजी अस्पतालों का रुख करते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि नगर पालिका अगर समय-समय पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चलाए तो इन मामलों में कमी लाई जा सकती है, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**प्रशासन की सफाई :** नगर पालिका सीएमओ सुधीर श्रीवास्तव का कहना है कि समय-समय पर कुत्तों को पकड़ने के अभियान चलाए जाते हैं, पर सुप्रीम कोर्ट की नई गाइडलाइन के मुताबिक राज्यस्तरीय योजना आने के बाद ही ठोस कार्रवाई होगी। मगर जनता पूछ रही है कि क्या तब तक लोग डर में जीते रहेंगे? शहर में बच्चों का स्कूल जाना, बुजुर्गों का मंदिर जाना या मरीजों का अस्पताल पहुंचना,सब एक खतरे का सफर बन गया है।

## सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत



**भैरूंदा।** भादाकुई–छिदगांव मोजी मार्ग पर सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। स्कूटी और खाली रेत के डंपर की तेज टक्कर में 32 वर्षीय युवक जितेंद्र मालवीय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल अस्पताल में परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी और गांव में शोक की लहर फैल गई।

**कैसे हुआ हादसा :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, झाली (लाड़कुई) निवासी जितेंद्र पिता गेंदालाल मालवीय स्कूटी से भैरूंदा जा रहे थे। उसी दौरान सीहोर से लौट रहा खाली डंपर भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा था। अचानक स्कूटी डंपर के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक के सिर पर गंभीर चोट आ गई और अधिक रक्तस्राव के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की जानकारी मिलते ही लाड़कुई चौकी प्रभारी राजकुमार यादव पुलिस बल के साथ तत्काल पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया और शव को 108 एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में शव देखते ही परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। कई ग्रामीण भी गम से अभिभूत नजर आए।

**पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा, जांच जारी :** थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा नगर मंडल ने बिहार जीत का जश्न मनाया: ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी हुई, जमकर थिरके कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को जमकर जीत का जश्न मनाया। बिहार में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ता और नेतागण बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय पर एकजुट हुए। यहां ढोल की थाप पर थिरकते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

शुक्रवार दोपहर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की कार्यालय पर जमकर भीड़ उमड़ी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा पर पुष्प वर्षा कर मुंह मीठा कराया। कार्यालय के बाहर भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई का वितरण किया। यहां ढोल की थाप पर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जमकर थिरके। बधाई के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने कहाकि बिहार में एनडीए की सरकार में पिछले 20 वर्षों से जो सुशासन का राज रहा और जो वहां विकास की गंगा बही है, उससे वहां के लोगों का भरोसा बीजेपी और एनडीए पर बढ़ा है। खासकर माताओं और बहनों ने सरकार और भरोसा जताया। जिस कारण से एनडीए ने प्रचंड बहुमत हासिल किया। बधाई देने वालों भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, कन्हैया लाल, मोहन चौरसिया, लखन चौरसिया, विजेंद्र परमार, अनिल परमार अशोक सिसोदिया आशीष पचौरी जितेंद्र यादव मुकेश मेवाड़ प्रवेश राठौड़ गोविंद मीना, अनुराग मिश्रा, हर्षा राठौर सीमा परिहार नूतन राठौर प्रेमलता राठौर राजेश परिहार समीर नानू सेन तुषार बाटा, बंटी भाई अंकुर राय नरेंद्र राजपूत आदि बड़ी संख्या में महिला मंडल की कार्यकर्ता शामिल थे।

## पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया गया



**सीहोर।** पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी सीहोर में शुक्रवार 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल मेला में उत्साह के साथ भाग लिया। मेला में विद्यार्थियों ने फुलकी, भेलपुरी, समोसा, पापड़, छोले, नान खटाई, रस गुल्ले आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुष्का राठौर पार्षद ने फीता काट कर बाल मेला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर, धर्मपाल सिंह गौतम, प्रमोद शर्मा, संकुल सह समन्वयक शशिकला पाण्डेय, शिवराज सिंह पवार पूरे समय उपस्थित थे। मंच संचालन शर्मिला जैन ने किया। बाल मेले के आयोजन के साथ ही व्यंजन, फेंसी ड्रेस, डांस, खेल, इक्को क्लब, रंगोली, स्वच्छता पखवाड़ा पर पुरस्कार वितरण बच्चों को किये गये।

कार्यक्रम में रत्ना सक्सेना, शबनम, अमिता कसौरिया, गुंजन शर्मा, सरला चौहान, राजकुमारी वर्मा, ज्योति गौर, सोनू जैन, पायल, मोहिनी, शिवानी, राम सर,आयुष, संतोष, ओमप्रकाश स्टॉफ उपस्थित रहा।

## सोने चांदी के गहने और नकदी तीस हजार रु. चोरी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सीहोर।** खिड़की से घर के अंदर घुस कर अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने और तीस हजार रुपए नगद चोरी करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी गया सामान जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सोनू वर्मा पिता देवकरण वर्मा निवासी ग्राम मुस्करा ने 28 जून को मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर के सारे लोग जब अपने अपने कमरे में सो रहे थे। तभी रात में एक से तीन बजे के बीच किचिन में लगी खिडकी की रोड निकालकर अज्ञात चोर खिडकी के रास्ते से घर में अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे सोने चांदी के जेवर, एक सुई धागा, एक छोटी लोंग, दो जोडी चांदी की पायल, एक जोड सोने की झुमकी, एक सोने के हार, दो सोने के मंलगसूत्र के पेंडिल, तीन जोडी चांदी की बिछिया, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का रानी हार, दो चांदी की चूडी और 30 हजार रुपए केश चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने विवेचना में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी मंडी सुनील मेहर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच टीम ग्राम हुलखेडी पहुंची जहां मुखबिर के बताए अनुसार एक दुबला पतला व्यक्ति चेहरा लंबा हुलखेडी गांव के बाहर यात्री प्रतीक्षालय के पास बीडी पीता हुए मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बाबलाल पिता प्रभुलाल मोंगिया, उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम हुलखेडी बताया। उसने अपने गांव के अन्य साथियों के साथ मिल कर 28 जून की रात में पावर्ती नदी के आगे हाईवे रोड़ के पास वाले गांव के एक पक्के मकान में पीछे से खिड़की तोड़ कर चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि उसके साथ उसके गांव के शालू सिसोदिया, कल्लू सिसोदिया, काला उर्फ अर्जुन, जितेंद्र औ राजकुमार सिसोदिया भी शामिल होना बताया। बाबूलाल को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उक्त नामजद चोरों की तलाश की, आरोपी शालू पिता चैन सिंह सिसोदिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम हुलखेडी ,कल्लू सिसोदिया पिता भारत सिंह सिसोदिया उम्र 43 साल निवासी हुलखेड़ी बोडा ,जितेन्द्र पिता बद्रीनाथ सांसी उम्र 30 साल निवासी हुलखेड़ी थाना बोड , राजकुमार पिता कुमेर सिंह सांसी, उम्र 45 साल निवासी हुलखेड़ी बोडा, अर्जुन उर्फ कालू पिता नसरुद्दीन उम्र 21 साल, निवासी हुलखेड़ी बोडा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिनके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का भव्य आयोजन

# बाल दिवस: बच्चों ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, अभिभावकों ने की खरीददारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्रतिष्ठित दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी एक यादगार अनुभव बन गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मंगलेश जायसवाल, व्याख्याता डाईट सीहोर, कृतिका जायसवाल एचआर मैनेजर सोलर इण्डस्ट्री मेन्युफेक्चरिंग दिल्ली रही। बाल मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथिगण, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने किया। मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए थे, जहां उन्होंने मेला लगाने का अनुभव लिया। इन स्टालों पर बच्चों ने न केवल खाद्य पदार्थों की बिक्री की, बल्कि कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए गए । इस अवसर पर एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी बच्चों को माता-पिता व गुरूजन का सम्मान करने को कहा। मुख्य अतिथि व विद्यालय की पूर्व छात्रा कृतिका जायसवाल ने अपने विद्यालय के अनुभव साझा किए और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत और नृत्य ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में रंगारंग माहौल का निर्माण किया। साथ ही सत्र 2024-25 के मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न भेंटकर कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे।




## पंडित जी ने आज़ादी के बाद देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान की: राजीव गुजराती

### नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर लगाए गगनभेदी नारे



**सीहोर।** सीहोर मुख्यालय बस स्टैंड स्थित नेहरु पार्क में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में पार्क में स्थित नेहरु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्व प्रधान मंत्री स्व.पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जंयती मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने नेहरूजी के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने कहा कि पण्डित जी ने आज़ादी के बाद देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान की, इस देश का प्रत्येक नागरिक उनके अविस्मरणीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। आधुनिक भारत का निर्माण पंच वर्षीय योजना, प्रोधोगोकी प्रोत्साहन, जैसे कई देश हित के कार्य उनके द्वारा किए गए ऐसे महापुरुष को देश कभी भुला नही सकता। पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना, राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव प्रदान करना और योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुचारू करना उनके मुख्य उद्देश्य रहे। जवाहरलाल नेहरू के कुछ प्रसिद्ध नारे हैं आराम हराम है, पूर्ण स्वराज का नारा देश की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत पर जोर देता था। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, डॉ.अनीस खान, सुनील दुबे, सुरेश बाबू राठौर, नरेन्द्र खंगराले, घनश्याम यादव, मुनव्वर मामू, प्रेमनारायण परमार, योगेन्द्र राय, ईश्वर सिंह चौहान, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, अजय रैयकवार, आसिफ अंसारी, यश यादव, शुभम लक्की सक्सेना, विजय वर्के, गजराज परमार, ब्रजेश पाटिदार, मोनू शर्मा, अरबाज खान, ओम सोनी आदि प्रमुख है।

## खबर संक्षेप



### सरदार पटेल की स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ पटेल की स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दो मैच खेले गए थे, इसमें पहला मैच सीहोर ग्रीन ने सीहोर रेड को 2-0 और दूसरा मैच सीहोर बाइज ने सीहोर क्लब को 3-1 से हराया। इस मौके पर संतोष ट्राफी प्लेयर आनंद उपाध्याय, सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, मधुर विजयवर्गीय, कमलेश अग्रवाल, विपिन पवार दीपक गुरुवानी अरुण राठौर, खेल प्रशिक्षक इंटरनेशनल प्लेयर सुयश कनौजिया ने खिलाड़ियों से परिचय कर पुरस्कार वितरण कियाआदि ने टीम को बधाई दी। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की शाम को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर ग्रीन ने 2-0 से जीत हासिल की। इसमें सीहोर ग्रीन के वंश ने दो गोल किए, इसके अलावा दूसरा मुकाबला सीहोर क्लब और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर बाइज की ओर से अनुज वर्मा ने तीन गोल किए और सीहोर क्लब की ओर से अरफात ने एक गोल किया। प्रतियोगिता की सफलता पर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और खेल अधिकारी रुबिका धीमान आदि शामिल है।

### बैठक आयोजित कर की मातृ मृत्यु दर की समीक्षा



**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया एवं डीएचओ डॉ रश्मि पटेल द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक आयोजित कर श्यामपुर, इछावर और आष्टा विकासखंड की मातृ मृत्यु दर की समीक्षा की गई।

### किसानों को 233 करोड़ भावांतर राशि अंतरित

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को प्रदेश के किसानों के खाते में भावांतर राशि के 233 करोड़ रूपए अंतरित किए। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 14 नवंबर को 4184 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। यह मॉडल रेट बढ़कर 13 नवंबर को 4130 रुपए और आज 4184 रूपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

निर्देश- किसान हित ही सर्वोपरि है, इसलिए हर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए

# सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स की जिम्मेदारी, सटीकता और संवेदनशीलता के साथ करें कार्य : कलेक्टर

मंडी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने खरीदी, तुलाई, नीलामी और भुगतान से संबंधित व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने मंडी सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसान हित ही सर्वोपरि है, इसलिए हर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कलेक्टर बालागुरू के. ने आष्टा एवं कृषि उपज मंडी और ग्राम डोडी, दरखेड़ा एवं आष्टा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रो पर बीएलओ द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, मंडी संचालन की प्रक्रियाओं और बीएलओ द्वारा की जा रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

मंडी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने खरीदी, तुलाई, नीलामी और भुगतान से संबंधित व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने मंडी सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसान हित ही सर्वोपरि है, इसलिए हर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नीलामी प्रक्रिया के दौरान बोली को कृत्रिम रूप से नीचे आने से रोकने के लिये मंडी सचिव और संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये, ताकि किसानों को फसलों का उचित मूल्य मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मॉइश्चर मीटर, ग्रेड सेपरेटर और अन्य तकनीकी उपकरणों के उपयोग की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मशीनों का सही उपयोग कर उपज की ग्रेडिंग वैज्ञानिक तरीके से की जाए ताकि किसानों को उनकी फसल की गुणवत्ता के अनुरूप वास्तविक कीमत प्राप्त हो सके।

### एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति की ली जानकारी

कलेक्टर बालागुरू के. ने आष्टा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रो पर जाकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरुप बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने कई मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ, बूथ लेवल एजेंटों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की तथा एसआईआर प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, जिससे कोई भी योग्य नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न जुड़ पाए। कलेक्टर ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स को जिम्मेदारी, सटीकता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मौके पर उपस्थित नागरिकों से भी चर्चा की और उन्हें गणना पत्रक सावधानीपूर्वक भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समय पर और सही ढंग से पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नितिन टाले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का किया आयोजन

**भैरूंदा।** नगर के प्रतिष्ठित तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



मेले में विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रकार की स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें बच्चों की रचनात्मकता और पाक-कौशल स्पष्ट झलक रहा था। इसके साथ ही बच्चों ने बुद्धिमत्ता आधारित खेलों का विशेष गेम ज़ोन तैयार किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपना कौशल दिखाया और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक, रचनात्मक एवं व्यवहारिक कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे जादूगर गोल्डन शिवम, जिन्होंने अपने अद्भुत मैजिक शो से बच्चों और उपस्थित जनों का मन मोह लिया। पूरे परिसर में बच्चों की हंसी, उत्साह और खुशी का माहौल छाया रहा। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आरबी मालवीय ने प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण हर्षोल्लास से गुंजायमान रहा तथा बच्चों ने बाल मेले का भरपूर आनंद लिया।

### साद खान का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन



कोच राकेश पंवार से साथ साद खान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

क्षेत्र के युवा प्रतिभाशाली क्रिकेटर साद खान ने अपने खेल कौशल के दम पर अंडर–19 स्कूल शालेय बालक राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जगह बनाई है, जिसका आयोजन मध्य प्रदेश के दतिया में होने जा रहा है।

साद खान के चयन के पीछे उनके कोच राकेश पंवार की सतत मेहनत, अनुशासित प्रशिक्षण और खेल के प्रति समर्पण का बड़ा योगदान रहा है। कोच राकेश पंवार ने बताया कि साद ने पिछले कई महीनों से कठिन अभ्यास कर अपनी फिटनेस, तकनीक और खेल की समझ पर विशेष ध्यान दिया। मैदान पर रोज़ाना घंटों पसीना बहाकर उन्होंने चयनकर्ताओं को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कोच ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि साद ने राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाने के लिए हर चुनौती को स्वीकार किया और अपनी लगन से साबित कर दिया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से सफलता सुनिश्चित होती है। 14से 20नवम्बर तक दतिया में होने वाली इस प्रतियोगिता में साद खान अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं।

## न्यूनतम तापमान 10, अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**सीहोर।** जिले में पिछले एक सप्ताह से ठंड का असर जारी है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बादल साफ होने और ठंड का प्रभाव बढ़ने की संभावना जताई है। जिले में न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच दोगुने से अधिक का अंतर देखा जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव आया है, जहां पहले कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला असर था, वहीं अब ठंड का एहसास होने लगा है। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं, जिसके कारण आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। उन्होंने शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की पुष्टि की। इस साल मानसून ने सीहोर जिले में 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही और मानसून ब्रेक की स्थिति भी बनी। अब मौसम में परिवर्तन का यह दौर शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों के न्यूनतम तापमान पर गौर करें तो 4 नवंबर को 19.5 डिग्री, 5 नवंबर को 18.5 डिग्री, 6 नवंबर को 15.5 डिग्री, 7 नवंबर को 10.5 डिग्री, 8 नवंबर को 10 डिग्री, 9 नवंबर को 8.5 डिग्री, 10 नवंबर को 8.7 डिग्री, 11 नवंबर को 8.5 डिग्री, 12 नवंबर को 8 डिग्री, 13 नवंबर को 8 डिग्री और 14 नवंबर को 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## शुभम कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

**भैरूंदा।** शुभम कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, भैरूंदा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस बाल दिवस के अवसर पर शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए विभिन्न प्रेरक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालक विजेंद्र कुमार शर्मा, प्राचार्या गौरी जादौन एवं संस्था समिति के अध्यक्ष सतीश दुबे द्वारा मां सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन करते हुए किया गया। इसके उपरांत बच्चों को नेहरू जी के जीवन, उनके योगदान एवं बाल प्रेम से जुड़े प्रेरक प्रसंगों की जानकारी दी गई। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भाषण, कविता, लोकगीत, गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन किया गया तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता के लिए प्रेरित भी किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालक विजेंद्र कुमार शर्मा, प्राचार्या गौरी जादौन, उप-प्राचार्य रघुवीर पंवार सहित संस्था के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरुन्दा जिला सीहोर म.प्र.

क्र. 373/ अपील प्रकाशन / 2025 भैरुंदा दि. 14/11/2025

**विषयः मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति हेतु सेवा नहीं दी गई अपील के संबंध में सूचना प्रकाशित करने बावत**

**सन्दर्भः- लोक सेवा के रजिस्टेशन नम्वर FA/445/2304/10/2025 अपील RS/445/2304/753/2025**

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस न्यायालय में प्रचलित अपील प्रकरण लोक सेवा के रजिस्टेशन नम्बर FA/445/2304/10/2025 अपील RS/445/2304/753/2025 मे सर्वसाधरण को सूचना देकर अवगत कराया जाता है कि कल्लो बी पति चुन्नु खॉ निवासी ग्राम गोरखपुर भैरून्दा दवारा मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति हेतु सेवा नही दी गई अपील प्रस्तुत की गई है।

तदानुसार प्रकरण मे कल्लो बी पति चुन्नु खॉ निवासी ग्राम गोरखपुर भैरून्दा भैरुन्दा जिला सीहोर की मृत्यु ग्राम गोरखपुर मे दिनाँक 09/09/2015 शब्दो मे नो सितम्बर सन दो हजार पन्द्रह मे ग्राम गोरखपुर मे हुई है। अपने कथन व शपथ पत्र मे वर्णित किया गया है। इस आशय के सूचना पत्र के माध्यम से सभी सूचित हों। किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20 नवम्बर 2025 से पूर्व प्रस्तुत करे।

**अनुविभागी अधिकारी, भैरुंदा**

## कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला-सीहोर (म.प्र.)

// अपात्र हितग्राहियों हेतु दावा आपत्ति सूचना //

एसद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के प्राप्त हुए आवेदनों का जमीनी सत्यापन करने उपरान्त निम्न हितग्राहियों को प्रारंभिक तौर पर दस्तावेजों के आधार पर आपात्र पाया गया है। इस विज्ञप्ति में अंकित प्रविष्टि के संबंध में यदि किसी हितग्राही के संबंध में कोई भी आपत्ति (भूमि दस्तावेज / कच्चा मकान / अन्य) हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर नगर परिषद कार्यालय मय साक्ष्य दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्रमांक | हितग्राही का नाम | पिता / पति का नाम | वर्ग | वार्ड नं. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नर्मदाप्रसाद | लालजीराम | अन्य पिछडा वर्ग | 02 |
| 02 | अमित | देवकरण | अन्य पिछडा वर्ग | 02 |
| 03 | शान्ता बाई | घासीराम | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 04 | रेखा | मोहन | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 05 | जितेन्द्र चन्द्रवंशी | देवकरण | अन्य पिछडा वर्ग | 05 |
| 06 | हरिओम | गजराज | अन्य पिछडा वर्ग | 06 |
| 07 | धनपाल | घासीराम | सामान्य | 06 |
| 08 | हरिप्रसाद | कन्हैयालाल | अन्य पिछडा वर्ग | 06 |
| 09 | जितेन्द्र | मूलचन्द्र | अन्य पिछडा वर्ग | 06 |
| 10 | पवन वर्मा | धनपाल वर्मा | अन्य पिछडा वर्ग | 06 |
| 11 | नर्वत सिंह | नाथूराम | अनसूचित जाति | 07 |
| 12 | भावना | गजराज | अन्य पिछडा वर्ग | 07 |
| 13 | कन्हैयालाल | मोतीलाल | अनसूचित जाति | 07 |
| 14 | सत्यनारायण | बसन्तीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 07 |
| 15 | सुरेश कुमार | सेजमल जैन | सामान्य | 07 |
| 16 | आनन्द तोमर | चरग सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 17 | ओमप्रकाश | हजारीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 18 | निलेश वर्मा | ज्ञानचन्द्र | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 19 | महेश चावडा | अनोखीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 09 |
| 20 | कपिल कुमार | कमलेश | अन्य पिछडा वर्ग | 09 |
| 21 | कैलाश | मुंशीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 09 |
| 22 | ओंकार | कुंवर जी | अन्य पिछडा वर्ग | 09 |
| 23 | रूपेश कुमार | हेमराज | अन्य पिछडा वर्ग | 10 |
| 24 | कमल वर्मा | हजारीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 11 |
| 25 | अरुणा | संतोष कुमार | अन्य पिछडा वर्ग | 14 |
| 26 | विक्रम सिंह | अमर सिंह | सामान्य | 15 |
| 27 | महेश कुमार | माखन सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 28 | नरेश | रामचरण | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 29 | धीरज सिंह ठाकुर | मान सिंह | सामान्य | 15 |
| 30 | हंसराज | रामप्रसाद | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 31 | केदार सिंह | भागीरथ | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 32 | राधेश्याम | शिवचरण | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोठरी जिला-सीहोर (म.प्र.)

खेती, डेयरी तथा उद्यानिकी में उन्नत तकनीकों को उपयोग करने की सलाह दी

# भोपाल संभागायुक्त व कलेक्टर ने डेयरी और धबोटी में स्ट्रॉबेरी की खेती का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह तथा कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर जिले के ग्राम हीरापुर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अंतर्गत स्थापित दूध डेयरी इकाई का निरीक्षण किया। इस इकाई में दूध से पनीर, मावा एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जाते हैं। अधिकारियों एवं डेयरी संचालक से उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और इकाई संचालकों से संवाद किया तथा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कहा। इसके उपरांत निरीक्षण दल ग्राम धबौटी पहुंचा, जहाँ 'स्ट्राबेरी, अंजीर, गोल्डन बेरी तथा ड्रैगन फ्रूट' की उन्नत खेती का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने किसानों द्वारा प्रयोग में लाई जा रही आधुनिक तकनीकों की सराहना की। ग्राम धबोटी में हर्ष अग्रवाल द्वारा इन फलों की खेती की जा रही है।



निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त संजीव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वर्तमान कृषि परिदृश्य के अनुरूप 'क्रॉप पैटर्न में बदलाव' करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसान 'मांग के अनुरूप फसलों का चयन' करें तथा 'नवीनतम कृषि तकनीकों' का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि खेती के साथ-साथ 'उद्यानिकी और दुग्ध उत्पादन' को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में दुग्ध एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, उद्यान विभाग की संयुक्त संचालक जयमाला सिंह एवं सहायक संचालक जगदीश सिंह मुजाल्दा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बमबम आश्रम के समीप बन रही पुलिया, नपा अफसर बेखबर

# दुर्घटना संभावित स्थल पर बिना संकेतक और बैरिकेड्स लगाए बना रहे पुल



## दिन के साथ ही रात्रि में ज्यादा बनी हुई है दुर्घटनाओं की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुरानी दूध डेयरी एवं बमबम आश्रम गोशाला के समीप स्थित सालों पुरानी खरला नाला पुलिया के जर्जर होने के चलते नगर पालिका द्वारा नए पुल का निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन, नगर पालिका ने जिस निर्माण एजेंसी को यह कार्य सौंप रखा उसने मौके पर किसी तरह के कोई खतरा सूचक संकेतक या बैरिकेड्स इत्यादि नहीं लगवाए हैं।

ऐसे में उक्त निर्माण स्थल पर दिन में तो कम लेकिन रात्रि में दुर्घटनाएं होने की संभावना काफी बनी हुई है। गौरतलब है कि जिस स्थान पर इस नए पुल का निर्माण किया जा रहा है वहां पुरानी दूध डेयरी की सड़क, एसपी बंगला रोड सड़क, उद्धभव नगर मार्ग एवं राजेश्वर कान्वेंट स्कूल की तरफ से आने वाली सड़कें आकर मिलती हैं। ऐसे में यह चैराहा दुर्घटनाओं के लिहाज से खासा खतरनाक है। इसके बावजूद बीते करीब सात-आठ महीने से चल रहे निर्माण के बावजूद न तो निर्माण एजेंसी और न ही नगर पालिका के जिम्मेदारों ने हादसों को रोकने डेंजर बोर्ड, बैरिकेड्स इत्यादि नहीं लगवाए हैं।

### इन दो तरफ की सड़कों से हादसे की ज्यादा संभावना

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुरानी दूध डेयरी तरफ के ढलान वाले रास्ते से रात्रि में आने वाला कोई भी बाईक सवार या चार पहिया वाहन संतुलन खो बैठा तो वाहन सीधे नाले में जाकर गिरेगा और बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके साथ ही राजेश्वर कान्वेंट स्कूल की तरफ से आने वाली सड़क की ओर भी किसी तरह के कोई बैरिकेड्स नहीं लगवाए गए हैं। ऐसे में रात्रि के अंधेरे में खुला नाला नजर न आने पर कोई भी वाहन चालक कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

### रोजाना सैकड़ों की संख्या में गुजरते हैं वाहन

उल्लेखनीय है कि खरला नाला पुलिया जिसके समीप नवीन पुल का निर्माण किया जा रहा है, वहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन गुजरते हैं। यह रास्ता राजगढ़ नगर के मेन मार्केट को पुरा क्षेत्र, जिला अस्पताल, खिलचीपुर नाका क्षेत्र की कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों का प्रमुख आवाजाही वाला मार्ग है। ऐसे में निर्माण स्थल पर खतरा संकेतक एवं बैरिकेड्स लगाए जाने की नितांत आवश्यकता है।

### निर्देशित करता हूं

मैं अभी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देशित करता हूं कि वो मौके पर तुरंत खतरा संकेतकों के बोर्डस के साथ-साथ चारों तरफ बेरीकेट्स लगवाए।

पवन अवस्थी
सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़

### अधिकारियों के मध्य साझा किए कार्ययोजनाओं के प्लान

# आजीविका मिशन की दीदी ने दिल्ली में किया राजगढ़ का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सालों से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार हेतु जहां बैंकों से लोन दिलवाए गए, उन्हें बैंक सखियों का दायित्व सौंपा गया, जिले के लाखों विद्यार्थियों की गणवेश सिलाई करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया साथ ही अन्य योजनाएं चलाई गई हैं।

इसी कड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा देश की राजधानी नई-दिल्ली में दो दिवसीय 'नव दिशा संवाद श्रृंखला' कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में समूचे मध्यप्रदेश के चार क्लस्टर लेबल फेडरेशन की अध्यक्षों ने सहभागिता की जिसमें राजगढ़ क्लस्टर से खिलचीपुर की अध्यक्ष श्रीमती अनीता दांगी भी सम्मिलित हुईं। कार्यशाला के दौरान श्रीमती दांगी ने आजीविका मिशन को और अधिक सुदृढ़ व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मिशन द्वारा जिले में क्रियान्वियत योजनाओं, कार्यक्रमों, आयोजनों की जानकारी अधिकारियों से सांझा की बल्कि आगामी उद्धेश्यों को लेकर भी अनेकों अधिकारियों, महिलाओं के बीच सहजता के साथ संवाद किया।

### यह था कार्यशाला का प्रमुख उद्धेश्य

उक्त कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य आगामी 2031 के लिए तक के लक्ष्य, इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आजीविका मिशन की भूमिका एवं आगामी 2031 तक ग्रामीण भारत कैसा होना चाहिए, इस बारे में नवीन कार्ययोजनाओं, क्रियाकलापों एवं प्लानिंग से अवगत कराना था।

## स्वयं पोर्टल के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरुक



**सारंगपुर।** शासन के आदेशानुसार स्थानीय मेडिकेयर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में स्वयं पोर्टल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. बलराज यादव की उपस्थिति रही तथा यह आयोजन शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोइया के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयं की नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल के कोर्सेस एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी दी और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु प्रेरित किया।

### अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# 310 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना ब्यावरा शहर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 05 अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी, जहां से 'कुल 310 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब' बरामद की गई। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 62 हजार है। थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने सभी मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा आगे की विवेचना जारी है।यह कार्रवाई थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस बल एचसी भगवती प्रसाद साहू, एचसी लक्ष्मण सिंह मीणा, एचसी उमेश शर्मा, एचसी रमेश कर्मा, एचसी अशोक राठौर एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

### इन पर हुई कार्रवाई

अपराध 815/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट। आरोपी कलाबाई हाड़ा, कटारियाखेड़ी बरामदगी। 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

अपराध 816/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट। आरोपी सुमित्राबाई, कटारियाखेड़ी। बरामदगी 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

अपराध 817/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट दिलखुश नैनावत दूधी। बरामदगी 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी।

अपराध क्रमांक 818/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट आरोपी रचना , निवासी दुधी। बरामदगी 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

अपराध क्रमांक 822/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट आरोपी चंदाबाई पति घनश्याम कंजर, निवासी कटारियाखेड़ी। बरामदगी 70 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

### युवाओं ने लगाई एक साथ दौड़

# खुजनेर में 'रन फॉर हेल्थ' कार्यक्रम का आयोजन




**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में नगर में "रन फॉर हेल्थ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने युवाओं से आह्वान किया कि "यदि हमें देश का भला करना है तो पहले स्वयं को नशा मुक्त और स्वच्छ बनाना होगा। स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं इस अवसर पर बजरंग दल के कार्यकर्ता, नगर के स्कूली छात्र-छात्राएं और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हिरनखेड़ी का युवक फांसी पर झूला

**राजगढ़।** कोतवाली थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम हिरनखेड़ी में बुधवार शाम मानसिक रूप से परेशान 35 वर्षीय युवक ने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। गुरुवार को जिला अस्पताल की मार्चुरी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले जांच में लिए हैं। पुलिस के मुताबिक हिरनखेड़ी गांव निवासी कमल पिता रघुनाथ वर्मा उम्र 35 वर्ष मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बुधवार शाम कमल ने अपने घर के कमरे के जंगले में ही फांसी का फंदा बनाकर खुद को मौत के गले लगा लिया। घटना के बाद पुलिस द्वारा मृतक को जिला अस्पताल लाया गया जहां गुरुवार सुबह पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया।

### कमरे का ताला टूटा हुआ था

# चौंडापुरा में चोरों ने कुएं से मोटर यूरिया, गेहूं की कट्टियां चुराईं



**खुजनेर।** खुजनेर क्षेत्र के ग्राम चौंडापुरा में किसानों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कभी बिजली की समस्या तो कभी फसल के उचित दाम न मिलना कृ अब चोरी की घटनाओं ने किसानों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। ग्राम चैंडापुरा में अज्ञात चोरों ने एक किसान के खेत पर बने कुएं से जलधारा मोटर, यूरिया खाद की 10 बोरियां और दो गेहूं की कट्टियां चोरी कर लीं। बताया जा रहा है कि यह चोरी 8 नवम्बर की रात को हुई, जब किसान अपने खेत से घर लौट आया था। किसान के अनुसार, कुएं पर मोटर लगी हुई थी और पास के कमरे में खाद व अनाज रखा था। सुबह खेत पहुंचने पर किसान ने देखा कि मोटर गायब थी और कमरे का ताला टूटा हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आवेदक को मिला निर्माण श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा लोक सेवा के नियमानुसार तीस दिन में निर्माण श्रमिक पंजीयन प्रमाण दिया जाना आवश्यक है किंतु नगर पालिका शाखा में प्रमाण पत्र के लिए आवेदक लगातार चक्कर लगा रहा था मामला सीएमओ ज्योति सुनेरे के संज्ञान में आने के बाद आवेदक को प्रमाण पत्र मिला। मामले की जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ज्योति सुनहरे बताया की लंबे समय से लंबित एक निर्माण श्रमिक का पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करते हुए बताया कि। वार्ड क्रमांक 09 मोहल्ला शिवनगर निवासी मुकेश पिता श्यामलाल जाटव कई माह से निर्माण श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने के बावजूद परेशान थे।

## पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर लगा



**कुरावर।** न्यायोत्सव के अंतर्गत 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चल रहे विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश गौरव अग्रवाल तथा तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अशोक भारद्वाज उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसडीएम नरसिंहगढ़ सुशील कुमार, जिला श्रम अधिकारी, नायब तहसीलदार कुरावर सुनीता सिंह और थाना प्रभारी कुरावर जितेंद्र सिंह मावई सहित कई अधिकारी शामिल हुए। एसडीएम सुशील कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधिक साक्षरता समाज के हर वर्ग तक पहुंचना आवश्यक है। जिला श्रम अधिकारी ने श्रम कानूनों की जानकारी दी, वहीं न्यायाधीश गौरव अग्रवाल ने पोक्सो एक्ट और कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित अपराधों की कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी के डायरेक्टर ने औद्योगिक संस्थानों में कानून पालन और श्रमिकों के हितों से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी न्यायाधीशों को दी। कार्यक्रम के अंत में न्यायाधीश अशोक भारद्वाज ने विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, साइबर सुरक्षा और निशुल्क विधिक सहायता से जुड़ी जानकारी दी। श्रमिकों के अधिकारों से संबंधित कानूनों का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक किया जाए।

# 1550 किसानों को 2 करोड़ 40 लाख की भावांतर राशि प्राप्त

### मप्र भाजपा सरकार किसानों हित में कर रही है काम : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



गुरुवार को कृषि उपज मंडी कार्यालय में सुबह 11 बजे मध्य प्रदेश सरकार की भावांतर योजना के अंतर्गत देवास से सीधे प्रसारण के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भावांतर योजना के पहला भाग में किसानों के खाते में भावांतर की राशि डाली गई। नगर की कृषि उपज मंडी में भी भावांतर योजना के पहले भाग में 1550 किसानों को 24 अक्टूबर से लेकर 6 नवंबर तक विक्रय की गई सोयाबीन के मॉडल रेट 4020 एवं समर्थन मूल्य 5328 के अंतर से अधिकतम 1308 की भावांतर राशि 1550 किसानों के खाते में 2 करोड़ 40 लाख रुपए के लगभग डाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार किसानों के हित के लिए काम कर रही है अभी मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के खाते में मुआवजा राशि डाली है और आप किसानों के खाते में भावांतर की राशि भी आज डल चुकी है। अब मध्य प्रदेश सरकार ने बड़े हुए बिजली के बिलों में भी सचार्ज माफी की योजना भी लागू कर दी है जिससे सभी को लाभ पहुंचेगा।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता से करने

# कलेक्टर ने मतदाताओं से सीधे किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य तेज गति के साथ चल रहा है। गत 04 नवंबर से आरंभ हुए इस पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता एवं पूरी गंभीरता व पारदर्शी तरीके से करवाया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा गुरूवार को ब्यावरा क्षेत्र में पहुंचे एवं बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर करवाए जा रहे उक्त कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधीश ने मतदाताओं से सीधे संवाद भी किया एवं संबंधित बूथों के बीएलओ को निर्देशित किया कि यदि फार्म भरने में मतदाता को किसी भी तरह की समस्या आए तो स्वयं की उपस्थिति में फार्म भरवाए जाएं। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मतदान केंद्र क्रमांक 65, 67 एवं 68 का भ्रमण कर कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से ई.एफ. फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8-ए के वितरण और संकलन, साथ ही बीएलओ ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने वर्ष 2003 या उससे पूर्व जन्मे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के कार्य की स्थिति भी जानकारी ली।

### पूरी तरह सटीक पारदर्शी एवं अद्यतन रहे जिले की सूची

इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए एसआईआर का यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत संचालित एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाना है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चरण में फील्ड वेरीफिकेशन, फॉर्म सत्यापन एवं समयबद्ध ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और अद्यतन रहे।

## गजेंद्र गोस्वामी आईपीएल के फाइनल चयन मैच खेलेंगे



**ब्यावरा।** शहर के भंवरगंज मौहल्ले में रहने वाले 27 वर्षीय गजेन्द्र गोस्वामी को चयन प्रदर्शन के लिए हैदराबाद बुलाया गया, जहां राजीव गांधी स्टेडियम में 14-15 नवंबर को दो मैच खेल जाएंगे। इस दौरान हैदराबाद टीम के बोलिंग कोच वरुण आरोन खेल प्रदर्शन के आधार आईपीएल टीम के लिए फाइनल नाम तय करेंगे। इससे पहले नगर के गजेन्द्र को चयन के लिए पुणे में आयोजित सन राइजर हैदराबाद टीम के कैम्प में बुलाया गया था, जहां देश के कुछ प्रतिभावान खिलाड़ी ही शामिल हुए थे, जिसमें से 20 खिलाड़ी ही फाइनल प्रदर्शन के लिए चयनित किए गए है। गजेन्द्र गोस्वामी लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर है, जो इसके पूर्व कई बार आईपीएल की नेट बॉलर के रुप में राजस्थान रॉयल और दिल्ली केपिटल की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस कर चुके है। इस प्रदर्शन मैच में यदि गजेन्द्र चयनित होते है तो वह वर्ष 2026 में होने वाली लीग में टीम सनराइज हैदराबाद की तरफ से आईपीएल में नजर आ सकते है। गजेन्द्र गोस्वामी नगर में स्वयं की क्रिकेट एकेडमी का संचालन करते है, क्रिकेट में रुचि रखने वाले बच्चे और युवा एकेडमी में ज्वॉइन होकर अपने सपने पूरे करने के प्रयास में लगे है। इस उपलिब्ध पर उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### 7 करोड़ 32 लाख की सड़क निर्माण कार्यों का हुआ शुभारंभ

# देवलखेड़ा से करनवास तक निकाली एकता पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित "एकता पदयात्रा के तीसरे दिवस पर देवलखेड़ा से करनवास तक विशाल पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर, तथा विधायक अमर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान 7 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सड़क निर्माण कार्य जिनमें 4 करोड़ 71 लाख रुपए से निर्मित होने वाली ग्राम पूनरखेड़ी से नापलियाखेड़ी तथा ग्राम देवलखेड़ा से कौड़िया जोड़ तक 2 करोड़ 61 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।' इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि "रन फॉर



यूनिटी" और "एकता पदयात्रा" का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति समर्पण, उत्तरदायी शासन और जनभागीदारी की भावना को सशक्त बनाना है। उन्होने कहा कि जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गहरा विश्वास है। मुख्यमंत्री द्वारा कल ही एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ से अधिक की राशि प्रदान की है और वहीं आज गुरुवार को देवास से भावांतर योजना की राशि का अंतरण किया गया, जो किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। मंत्री पंवार ने सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि देश की सैकड़ों रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। आज हम सब एक हैं तो यह उन्हीं की देन है।

### पदयात्रा एकता व अखंडता का संदेश

सांसद रोडमल नगर ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने सांप्रदायिकता, भाषावाद और जातिवाद को समाप्त कर पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना जगाई। उन्होंने कहा कि एकता पदयात्रा का उद्देश्य इन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाना है।

**खबर संक्षेप**

## बालिका को बरामद करने में मिली सफलता



**जावर।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालकों/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे मुस्कान अभियान में थाना जावर पुलिस को सफलता मिली है। घटना क्रम 22 जून 24 को भाऊखेडा थाना जावर निवासी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट थाना जावर में दर्ज कराई थी। जिस पर अपराध क्रमांक 215/24 धारा 363 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध दर्ज होने के पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में निरीक्षक नीता देअरवाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अपहर्ता को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया है । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नीता देअरवाल, आर 278 पवन पटवा, आर 55 अनिल चौधरी, म.आर 784 हीरामणी, सैनिक 168 राहुल, सैनिक 226 बनेसिह एंव थाना जावर पुलिस का सराहनीय योगदान रहा है ।

### कलेक्टर और एसडीएम ने एसआईआर कार्यक्रम के तहत किया निरीक्षण

# एसआईआर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव पूरी निष्ठा, पारदर्शिता के साथ करें: कलेक्टर

### मंडी में किसानों-व्यापारियों से भावांतर और अन्य व्यवस्थाएं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर बालागुरु के ने आष्टा क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण किया। उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी नितिन कुमार टाले भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदाता सूची अद्यतन, मंडी व्यवस्थाओं और SIR कानून से संबंधित जागरूकता का गहन अवलोकन किया।

### डोराबाद मतदान केंद्र के कार्यों की समीक्षा

निरीक्षण की शुरुआत डोराबाद मतदान केंद्र (क्रमांक 151) से हुई। यहाँ कलेक्टर व एसडीएम ने मतदाता सूची अद्यतन कार्य, बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वे, ऐप आधारित मैपिंग तथा फॉर्म-6, 7 और 8 की प्रगति का विस्तार से परीक्षण किया। कलेक्टर ने बीएलओ को निर्देश दिए कि नए पात्र मतदाताओं के नाम समय पर जोड़े जाएं, गलत/दोहरे प्रविष्टियों का तत्क्षण सुधार हो तथा बीएलओ अपनी ग्राउंड रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें। एसडीएम नितिन कुमार टाले ने बीएलओ से सीधे संवाद कर कार्य की प्रामाणिकता सुनिश्चित की और एसआईआर प्रक्रिया की संवैधानिक महत्ता पर ज़ोर दिया। निरीक्षण का दूसरा पड़ाव सुभाष स्कूल मतदान केंद्र क्रमांक 165 रहा। यहाँ दोनों अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति, बूथ स्तर के रिकॉर्ड, आवश्यक दस्तावेजों और फॉर्मों की उपलब्धता तथा केंद्र की व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले का लक्ष्य 100 प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम नितिन कुमार टाले ने निर्देश दिए कि सभी रजिस्टर व्यवस्थित रखें और बीएलओ नियमित फील्ड विजिट कर कार्य पूरा करें।

### अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे

कृषि उपज मंडी आष्टा के किसानों व व्यापारियों से भावांतर, मंडी व्यवस्था और एसआईआर कानून पर चर्चा की। डोरा बाद निरीक्षण के पश्चात सुभाष स्कूल मतदान केंद्र एसआईआर पुनरीक्षण कार्य की गति और दस्तावेज़ों की जाँच कलेक्टर व एसडीएम दल कृषि उपज मंडी, आष्टा पहुँचा। यहाँ उन्होंने मंडी की व्यवस्थाएं, तौल-कांटा, साफ-सफाई, आवक-निकासी व सुरक्षा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों व व्यापारियों से संवाद कर भावांतर योजना, भुगतान प्रणाली, मंडी सेवाएँ तथा एसआईआर कानून से जुड़ी शंकाओं और प्रक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने मंडी प्रबंधन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मंडी पूरी तरह पारदर्शी रहे। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रामलाल पगारे, राजस्व विभाग के अधिकारी, निर्वाचन शाखा स्टाफ एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वन अमले ने पकड़ी अवैध लकड़ी, अंधेरे में अमले को चकमा देकर आरोपी हुए फरार

**वाहन को किया जब्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

वन विभाग की लाख कोशिशो के बाद भी लकड़ी माफिया लकड़ी काटने से बाज नहीं आ रहे हैं। गुरुवार को सिद्धि गंज सर्किल में पदस्थ वनरक्षक जितेंद्र सिंह ठाकुर और फैजल वर्नी अपने क्षेत्र में रात्रि गस्त कर रहे थे।

तभी उन्हें मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि खाचरोद से सिंगार चोरी की ओर एक मारुति सुजुकी ओमनी वैन आती हुई नजर आई। जिसमें अवैध सागवान की लकड़ी भरी हुई थी। तत्काल वनरक्षक जितेंद्र सिंह ठाकुर व फैसल वर्नी सिंगार चोरी पहुंचे। वन स्टॉप को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। वन विभाग की टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें चार नग सागवान चटपट 49 घन मीटर पाई गई। वाहन ओमनी मारुति सुजुकी वेन और चार नग सागवान की कुल कीमत 1 लाख 352 रुपए आकी गई। वाहन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर राजसात की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में वनरक्षक जितेंद्र सिंह ठाकुर फैजल वर्नी जय सक्सेना की भूमिका रही।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 09 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन व मार्गदर्शन में विजय डांगी द्वितीय जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर हॉली एंजल हायर सेकंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शडांगी द्वारा बच्चों के अधिकार व कर्तव्यों, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध कानून, सायबर सुरक्षा, यातायात नियम, किशोर न्याय बोर्ड, गुड-टच बैड-टच, आदि के विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य शिवी वर्गिस, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## नरेंद्र ने डिप्टी कलेक्टर बनकर समाज का मान बढ़ाया: मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आज हमारी समाज ही नही, बल्कि संपूर्ण आष्टा अंचलवासियों के लिए बड़े सौभाग्य और गौरव की बात है। समूचे अंचल में यह प्रथम बार हुआ है जिसने इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है।

आपकी इस उपलब्धि से निश्चित ही समाज का मान बढ़ा है और समाज के अन्य युवाजन भी आपकी उपलब्धि से प्रेरित होंगे। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने निज निवास पर समाज के नगर अध्यक्ष शिवनारायण मेवाड़ा के नेतृत्व में आयोजित नवनियुक्त डिप्टी कलेक्टर नरेन्द्र मनोहर सिंह मेवाड़ा शिक्षक के स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों द्वारा डिप्टी कलेक्टर नरेन्द्रसिंह मेवाड़ा का पुष्पमाला पहनाकर एवं साफा बांधकर शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की प्रभु से प्रार्थना की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता-पिता के संस्कार और उनके कठिन परिश्रम का ही फल है कि आज नरेन्द्र मेवाड़ा इतने बड़े मुकाम पर पहुंचे है। समाज के हर युवाजनों को अपने माता-पिता के संस्कारों को अंगीकार करते हुए उनके परिश्रम का स्मरण करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की सोच रखना भविष्य के लिए आवश्यक है। समाज के नगर अध्यक्ष शिवनारायण मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारी समाज के लिए गौरव का विषय है इससे पूर्व कोई भी समाज का युवा इतने बड़े पद पर आसीन नही हुआ।

मेवाड़ा ने बताया कि आष्टा तहसील के गौरव नरेन्द्र ने पूर्व में तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शुजालपुर जैसे पदों को सुशोभित कर अब डिप्टी कलेक्टर के पद पर आसीन हुए है। इस अवसर पर समाज नगर अध्यक्ष शिवनारायण पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मेहरवानसिंह मेवाड़ा, दशरथसिंह राजपूत, भंवरजी मेवाड़ा, श्रीमल मेवाड़ा, नानूराम मेवाड़ा, डीएस मेवाड़ा, अजबसिंह राजपूत, देवीसिंह मेवाड़ा, पूर्व पार्षद भगवतसिंह मेवाड़ा, हरदेव मेवाड़ा, दिलीपसिंह मेवाड़ा, रतनसिंह मेवाड़ा, लक्ष्मीनारायण मेवाड़ा, गुलाबसिंह मेवाड़ा, नरेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## कांग्रेस ने नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू की जयंती स्थानीय कम्युनिटी हॉल में मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में एक प्रतिष्ठित नेहरू परिवार में हुआ था। उनके पिता मोतीलाल नेहरू एक प्रसिद्ध वकील और स्वतंत्रता सेनानी थे।

जवारह लाल नेहरू ने अपनी शिक्षा इंग्लैंड से प्राप्त की और बाद में भारत की स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए। उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में काम किया और देश के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। नेहरू जी को उनके नेतृत्व और योगदान के लिए पंडित जी की उपाधि दी गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने कहा कि नेहरू जी ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और देश को एक लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया नेहरू ने योजना आयोग की स्थापना की और देश के आर्थिक विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाएं शुरू कीं।

नेहरू जी ने देश के औद्योगिक विकास पर जोर दिया और कई बड़े उद्योगों की स्थापना की।वहीं जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान ने कहा नेहरू जी ने गुट निरपेक्ष आंदोलन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश को एक स्वतंत्र विदेश नीति दी। नेहरू जी ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापित किया और उनका पालन किया। नेहरू जी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया उपरोक्त कार्यक्रम में कैलाश परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, जाहिद खान गुड्डू, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, घनश्याम जांगड़ा, फेज उद्दीन, रिजवान खान, शैलेंद्र मेहतवाड़ा, कमल सेठ, डॉ एजाज खान, आशिक मंसूरी, देवराज परमार, रामचरण दवरिया, अर्जुन सिंह अजय, रईस नेता, चेतन भाटी, अशोक मंडलोई, नफीस शाह,जय सिंह पारदीखेड़ी,शंकर सोनी, दिलीप मालवीय, सावेज खान, मोतीलाल मोलूखेड़ी, जितेंद्र बामुलिया, राजेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर ,धीरज सिंह भगत आदि लोग उपस्थित थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें पंडित नेहरू के विचारों को अपने जीवन में उतार कर देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखना है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने कार्यकाल में मजबूत भारत की नींव रखी नवरत्न कंपनियों की शुरुआत की गई। जिससे देश प्रगति की ओर अग्रसर हुआ उन्हीं की सोच का नतीजा है कि आज भारत का नाम विश्व पटल पर एक मजबूत और ताकतवर देश के रूप में लिया जाता है।

### समाधिया दंपती ने सहकारिता समेलन में किया प्रतिनिधित्व

# सर्वेश और दीपा समाधिया ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित सहकारिता विषय पर आयोजित अंर्तराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस में समाधिया द पत्ति द्वारा प्राथ. सीहोर साख सहकारी समिति मर्या. सीहोर की ओर से प्रदेश से प्रतिनिधित्व किया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित वर्ष को सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। इसी उपलक्ष्य में हमारे देश में मनाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 10 नवंबर एवं 11 नवंबर विज्ञान भवन नई दिल्ली मे अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों व नेपाल, मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका आदि कई देशों के सहकारिता से संबंधित विद्वान विशेषज्ञ, कार्यरतों, द्वारा सहभागिता साथ, हमारी भारतीय संस्कृति कुंभ की तरह ही वैचारिक मंथन हुए। उद्घोषणा, राष्ट्रीय नीति, सहकारिता के मूल मंत्र और अपने गहरे सहकारी अनुभव के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रथम केंद्रीय सहकारी एवं गृह मंत्री अमित भाई शाह के द्वारा किया गया। साथ में सहकारिता विभाग में उनके सहयोगी साथी केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल सिंह तथा भारत सरकार में सहकारिता सचिव आशीष कुमार भूतनी भी उपस्थित थे। देश की सहकारिता क्षेत्र में कार्यरत के मानद अध्यक्ष पाटील मंत्री अध्यक्ष लक्ष्मी दास के अध्यक्ष ज्योतिंद्र भाई मेहता, मध्य प्रदेश सरकार में सहकारी एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग, सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी मध्य प्रदेश अर्बन कोऑपरेटिव बैंक एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि राज सिंह सिसोदिया आदि विभूतियां मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सहकार नीति के प्रमुख सुरेश प्रभु द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश सीहोर से प्राथ. सीहोर साख सहकारी समिति मर्या. सीहोर से अध्यक्ष सर्वेश समाधिया एवं सदस्य दीपा समाधिया द्वारा आमंत्रित सहभागिता की गई।

## कार्रवाई कर स्कूल परिधि से अवैध तंबाकू दुकानें हटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सांदीपनि सीएम. राइज स्कूल के 100 मीटर की परिधि में अवैध रूप से चल रही बीड़ी, सिगरेट, पान-तंबाकू की दुकानों की शिकायतें मिल रही थीं।

जिनसे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता था, और विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। यह स्थितियां बच्चों में तंबाकू सेवन की आदत और सुरक्षा जोखिम भी बढ़ाती थीं। साथ की बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं थी। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना आष्टा और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर इन सभी अवैध दुकानों को हटाया।

यह कदम बालक-बालिकाओं की सुरक्षा और स्वस्थ वातावरण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्रवाई में नगर पालिका कर्मियों व पुलिस प्रशासन ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## माध्यमिक शाला कजलास में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साह से मनाया बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

माध्यमिक शाला कजलास में बाल दिवस मनाया गया सभी 1 से 8 वी तक के 74 छात्रों को गिफ्ट दिए गए। सभी को पेन व मिठाई बाटी गई। इसके बाद स्कूल के सभी बच्चों को विभिन्न खेल खिलाए गए। शिक्षको का कहना है कि हमारे स्कूल के बच्चे बहुत खुश थे इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, सुभाष शर्मा, लखन सोलंकी, दिनेश कुमार कमलोदिया ,सुनीता खत्री आदि उपस्थित थे ।